प्रसार भारती

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

28.09.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945 बजे

मुख्य समाचार''

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों से आगामी त्यौहारों को स्वदेशी उत्पादों के साथ मनाने का किया आह्वान।
- मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने गांधी जयंती पर सभी से की खादी उत्पाद खरीदने की अपील।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा– अगली पीढ़ी के जी.एस.टी. सुधार देशवासियों के लिए सबसे बड़ा तोहफा।
- राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के तहत अब तक 4 हज़ार एक सौ से अधिक बच्चों को चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट के रूप में अपनाया।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों से वोकल फॉर लोकल के मंत्र को स्मरण रखते हुए आगामी त्यौहारों के मौसम को स्वदेशी उत्पादों के साथ मनाने की अपील की है। आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में कई त्यौहार हैं और जीएसटी बचत उत्सव भी चल रहा है। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे सहयोगी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम की एक सौ 26वीं कड़ी में देशवासियों से वोकल फॉर लोकल अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि त्योहारों के मौसम में स्वदेशी उत्पादों को खरीदने से परिवार में तो खुशी आयेगी ही, कारीगरों के परिश्रम का भी सम्मान होगा और युवा उद्यमियों के सपनों को पंख भी लगेंगे।

*आने वाले दिनों में एक के बाद एक त्योहार और खुशियां आने वाली हैं। हर पर्व पर हम खरीदारी भी खूब करते हैं। और इस बार तो जीएसटी बचत उत्सव भी चल रहा है। अगर हम ठान लें कि इस बार त्योहार सिर्फ स्वदेशी चीजों से ही मनाएंगे, तो देखिएगा, हमारे उत्सव की रौनक कई गुना बढ़ जाएगी। वोकल फॉर लोकल को खरीदारी का मंत्र बना दीजिए।*

प्रधानमंत्री ने कहा कि त्यौहार के मौसम के दौरान केवल घर ही नहीं, बल्कि सड़कों, पड़ोस, बाजार और गांव की स्वच्छता पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए।

प्रधानमंत्री मोदी ने ये भी कहा कि आज स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह और गायिका लता मंगेशकर की जयंती होने के कारण मन की बात की यह कड़ी काफी महत्वपूर्ण हो गई है।

*आज भारत की दो महान विभूतियों की जयंती है। मैं बात कर रहा हूँ, शहीद भगत सिंह और लता दीदी की। अमर शहीद भगत सिंह, हर भारतवासी, विशेषकर देश के युवाओं के लिए एक प्रेरणापुंज है। निर्भीकता उनके स्वभाव में कूट–कूट कर भरी थी। मैं शहीद भगत सिंह जी को आदरपूर्वक श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। आज लता मंगेशकर की भी जयंती है। भारतीय संस्कृति और संगीत में रुचि रखने वाला कोई भी उनके गीतों को सुनकर अभिभूत हुए बिना नहीं रह सकता। मैं लता दीदी के लिए हृदय से अपनी श्रद्धांजलि प्रकट करता हूँ।*

आगामी 2 अक्तूबर को गांधी जयंती के संबंध में प्रधानमंत्री ने कहा कि महात्मा गांधी ने हमेशा स्वदेशी को अपनाने पर बल दिया, जिसमें खादी सबसे प्रमुख थी। उन्होंने देशवासियों से दो अक्तूबर को कोई न कोई खादी उत्पाद खरीदने और उसे वोकल फॉर लोकल हैशटैग के साथ सोशल मीडिया पर साझा करने की अपील भी की।

बीते 11 साल में खादी के प्रति देश के लोगों का आकर्षण बहुत बढ़ गया है। पिछले कुछ वर्षों में खादी की बिक्री में बहुत तेजी देखी गई है। मैं आप सभी से आग्रह करता हूँ कि 2 अक्टूबर को कोई ना कोई खादी प्रोड्कट जरूर खरीदें। गर्व से कहें – ये स्वदेशी हैं। इसे सोशल मीडिया पर हैशटैग वोकल फॉर लोकल के साथ शेयर भी करें।

प्रधानमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम में विजयादशमी के आगामी पर्व का भी उल्लेख किया और कहा कि इस बार का दशहरा काफी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि 100 वर्ष पूर्व जब राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की स्थापना हुई थी, उस समय देश सदियों से गुलामी की जंजीरों में बंधा था और देशवासी हीन भावना से ग्रस्त थे।

*अगले कुछ ही दिनों में हम विजयादशमी मनाने वाले हैं। इस बार विजयादशमी एक और वजह से बहुत विशेष है। इसी दिन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष हो रहे हैं। एक शताब्दी की ये यात्रा जितनी अद्भुत है, अभूतपूर्व है, उतनी ही प्रेरक है।*

प्रधानमंत्री ने देशवासियों को आगामी त्योहारों और खासकर दीपावली की शुभकामनाएं भी दीं। प्रभा शर्मा, आकाशवाणी समाचार शिमला।

शांडिल

स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने आज सोलन विधानसभा क्षेत्र के शामती में वर्ष 2023 में आई प्राकृतिक आपदा से प्रभावित 17 परिवारों को अपना घर बनाने के लिए चिन्हित भूमि के स्वीकृति पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य के संतुलित विकास के लिए प्रतिबद्ध है और प्राकृतिक आपदा से प्रभावित परिवारों को समय पर राहत उपलब्ध करवाई जा रही है। इस बीच, धनीराम शांडिल ने नगर पंचायत कंडाघाट के कचरा एकत्रिकरण वाहन को भी हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि कंडाघाट को चण्डीगढ़ और जमशेदपुर की तर्ज पर स्वच्छ, सुंदर व आकर्षक बनाया जाएगा।

जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने नेक्स्ट जनरेशन जी.एस.टी. सुधारों को देशवासियों के लिए किसी भी सरकार द्वारा दिया गया अब तक का सबसे बड़ा तोहफा बताया है। सिरमौर ज़िले के नौहराधार और राजगढ़ में अगली पीढ़ी के जी.एस.टी. सुधारों को लेकर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए उन्होंने ये बात कही। जयराम ठाकुर ने कहा कि मोदी सरकार देशवासियों को सरल कर प्रणाली व सस्ती वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित कर रही है और जी.एस.टी. सुधारों से समाज का हर वर्ग राहत महसूस कर रहा है। नेता प्रतिपक्ष ने प्रदेश की सुक्खू सरकार को जनविरोधी करार देते हुए कहा कि जहां केन्द्र सरकार ने आम लोगों को कर की दर कम करके राहत दी है, वहीं राज्य सरकार ने सीमेंट के दाम बढ़ाकर महंगाई का बोझ बढ़ाया है। इससे पहले उन्होंने ज़िले के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर लोगों की समस्याएं भी सुनीं।

सेवा पर्व–जनधन योजना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार सेवा और सुशासन की भावना से परिवर्तन और प्रगति के लिए अथक प्रयास कर रही है। 'सेवा पर्व' की विशेष श्रृंखला में, हम आज आपको बता रहे हैं कि प्रधानमंत्री जन–धन योजना से किस प्रकार वित्तीय समावेशन को बढ़ावा मिला है, लाखों परिवारों के लिए बैंकिंग और बचत की सुविधा उपलब्ध हुई है और वे सम्मानित जीवन जी रहे हैं।

*नरेन्द्र मोदी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता वित्तीय समावेशन है। यह पिछले दशक में भारत की विकास गाथा का आधार रहा है। वर्ष 2014 में पदभार ग्रहण करने के बाद प्रधानमंत्री मोदी की आरंभिक पहलों में एक प्रधानमंत्री जन धन योजना थी। यह केवल बैंक खाते खोलने तक सीमित नहीं थी, बल्कि सशक्तिकरण का एक महत्वपूर्ण साधन थी।जन धन अकाउंट जब खेले गए न यह सिर्फ बैंक के अकाउंट है ऐसा नहीं है उससे एक स्वाभिमान मिला था कि बैंक के दरवाजे मेरे लिए भी खुलते हैं मैं भी बैंक के दरवाजे में जा करके टेबल पर हाथ रखकर बात कर सकते हैं। यह विश्वास हमने जगाया है। 56 करोड़ से अधिक जन–धन खातों के साथ, यह योजना दुनिया की सबसे बड़ी वित्तीय समावेशन पहल बन गई है। इस योजना के अंतर्गत 67 प्रतिशत खाते ग्रामीण और अर्ध–शहरी क्षेत्रों में*

*हैं, और 56 प्रतिशत खाते महिलाओं के हैं। पीएम धन योजना के लाभार्थियों ने इस योजना के बारे में अपने अनुभव साझा किया।*

*पहले जो है अकांउट नहीं था। बहुत दिक्कतें थी किसानों को अब जब से जो है, जन–धन योजना चली है इसमें खाता खुल रहे हैं। पहले सरकार में कोई फायदा नहीं था लेकिन जब से अब मोदी जी की सरकार हुई है। तब से तो बहुत फायदा मिला है।*

*इस योजना ने हर घर तक बैंकिंग सेवाओं की पहुँच सुनिश्चित की है। साथ ही यह प्रत्यक्ष लाभ अंतरण का आधार और डिजिटल अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने में सहायक बन गया है। इससे कल्याणकारी योजनाओं के वितरण में आने वाली कमियों को दूर कर लगभग तीन लाख 50 हजार करोड़ रुपये की बचत हुई है।*

सुख आश्रय

राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2023 में शुरू की गई मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के तहत प्रदेश में अब तक 4 हज़ार एक सौ से अधिक बच्चों को चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट के रूप में अपनाया गया है। शिमला की महिला व बाल विकास विभाग की ज़िला कार्यक्रम अधिकारी ममता पॉल ने बताया कि ये योजना अनाथ और विशेष रूप से सक्षम बच्चों को आर्थिक सहयोग प्रदान करने के साथ ही उनके उज्जवल भविष्य के लिए भी अवसर प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025–26 में अब तक इन बच्चों पर 17 करोड़ रूपए से अधिक की राशि खर्च की जा चुकी है।

मुख्य समाचार एक बार फिर''

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों से आगामी त्यौहारों को स्वदेशी उत्पादों के साथ मनाने का किया आह्वान।
- मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने गांधी जयंती पर सभी से की खादी उत्पाद खरीदने की अपील।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा– अगली पीढ़ी के जी.एस.टी. सुधार देशवासियों के लिए सबसे बड़ा तोहफा।
- राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के तहत अब तक 4 हज़ार एक सौ से अधिक बच्चों को चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट के रूप में अपनाया।